**भारत सरकार**
**परमाणु ऊर्जा विभाग**
**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र**

डाकघर : केट
इन्दौर : 452 013 (म.प्र.)

विज्ञापन सं. **आरआरकेट-3/2014** | आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि : **21-11-2014**

## निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते है ।

| पद सं. | विषय | अनिवार्य योग्यता | वांछनीय अनुभव | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| I | वैज्ञानिक अधिकारी/सी (सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी) (महिला) | एक वर्षीय संस्थागत अनुभव के साथ एम.बी.बी.एस. । अनिवार्य इंटर्नशीप को अनुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा। स्नातकोत्तर और समकक्ष योग्यता वाले अभ्यर्थी कृपया आवेदन न करें । | आपात स्थिति में कार्य अनुभव वाले तथा जीडीएमओ/जनरल प्रेक्टिस के रूप में कार्य करने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी । कंप्यूटर का बेसिक ज्ञान रखने वाले को वरीयता दी जाएगी । | 01 (अपिव के लिए आरक्षित ) |
| I I | आशुलिपिक ग्रेड -।।। | अंग्रेजी आशुलिपि में 80 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति के साथ मेट्रिकुलेशन या समकक्ष | कंप्यूटर अनुप्रयोग, डाटा एन्ट्री/प्रोसेसिंग। हिन्दी आशुलिपि एवं हिन्दी टंकण का ज्ञान वांछनीय है । | 04 (02-अनारक्षित) (02-अपिव के लिए आरक्षित ) |
| I I I | तकनीशियन/बी (वातानुकूलन) | एसएससी अथवा एचएससी में विज्ञान और गणित विषय के साथ न्यूनतम 60% अंक तथा एक वर्ष की अवधि का वातानुकूलन में ट्रेड प्रमाणपत्र । | HVAC संस्थापनाओं के निर्माण/अनुरक्षण में 2 वर्ष का अनुभव<br>कार्य का विवरण : शीतलन एवं वातानुकूलन संस्थापनाओं का परीक्षण एवं अनुरक्षण कार्य । | 01 (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित ) |
| I V | तकनीशियन/बी (मिस्त्री) | एसएससी अथवा एचएससी में विज्ञान और गणित विषय विषय के साथ न्यूनतम 60% अंक तथा एक वर्ष की अवधि का मिस्त्री ट्रेड का प्रमाणपत्र । | निर्माण क्षेत्र में 2 वर्ष का अनुभव<br>कार्य का विवरण : मिस्त्री का कार्य एवं निष्पादन | 03 (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित ) |

**कार्य का प्रकार :**

**पद कोड । के लिए {वैज्ञानिक अधिकारी / सी [सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी] (महिला)}**

1. बाहरी स्तर पर सभी आयू समूह के रोगियों को देखना तथा स्वास्थ्य देखरेख करना ।
2. नेमी बीमारियां, मधुमेह, उच्च रक्तताप, स्थानिक-अरक्तता संबंधी चिरकालिक मामले, ह्रदय रोग, तपेदिक, मिर्गी आदि रोगियों को देखना।
3. चिरकालिक बीमारियों वाले रोगियों का फॉलो-अप तथा नियमित देखरेख तथा आवश्यकता पड़ने पर अस्पताल रेफर करना ।
4. डिस्पेंसरी में आपात प्रबंधन तथा स्थिरीकरण पश्चात आवश्यकता पड़ने पर अस्पताल भेजना ।
5. कंप्यूटर में डाटा प्रविष्ट करना जैसे केस नोट, निदान, ऑनलाइन नुस्खा, सर्विस आर्डर, मिलने का समय देना आदि ।
6. वेल बेबी क्लिनिक, प्रसवपूर्व क्लिनिक, स्क्रीनिंग प्रोग्राम जैसे रोगनिरोधी क्लिनिक का आयोजन तथा शैक्षणिक गतिविधियों में प्रतिभागिता ।

**पद कोड ।। के लिए (आशुलिपिक ग्रेड -।।।)**
आशुलिपि में डिक्टेशन लेना तथा उसका ई-मीडिया में लिप्यंतरण करना, रिपोर्टे टंकित करना, पत्रव्यवहार करना, पेपर फाइल करना, बैठक की व्यवस्था करना, मिलने का समय निर्धारित करना, टेलीफोन कॉल एवं आगंतुकों को अटेंड करना तथा रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा सौपे गए कार्यो को करना और सामान्यत: अधिकारी को इस प्रकार सहयोग प्रदान करना कि अधिकारी नेमी प्रकार के कार्यों से मुक्त रहें ।

**पद कोड ।।। के लिए (तकनीशियन/बी (वातानुकूलन)**
प्रशीतन एवं एयर कंडीशनिंग संस्थापनाओं का परीक्षण एवं अनुरक्षण ।

**पद कोड IV के लिए (तकनीशियन/बी(मिस्त्री)**
राजगीरी का काम एवं निष्पादन ।

**चयन/भर्ती की प्रक्रिया :**

**पद कोड । के लिए {वैज्ञानिक अधिकारी/सी [सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी] (महिला)}**
स्क्रीन किए गए अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा ।

**पद कोड ।। के लिए (आशुलिपिक ग्रेड -।।।)**

चयन अर्हकारी लिखित परीक्षा/दक्षता परीक्षण तथा साक्षात्कार के आधार पर होगा । लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षण नीचे लिखे अनुसार होगा :

| पद | लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम * (अवधि 1½ घंटा ) | | कौशल परीक्षण |
|---|---|---|---|
| | **प्रश्नपत्र I** | **प्रश्नपत्र II** | |
| आशुलिपिक ग्रेड III | सामान्य अंग्रेजी | सामान्य ज्ञान एवं प्रारंभिक गणित | आशुलिपि परीक्षा @ 80 शब्द प्रति मिनट (कंप्यूटर पर लिप्यंतरण @ 30 शब्द प्रति मिनट ) |

*** बहुविकल्पीय प्रकार के उत्तर वाले वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को दक्षता परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा जिन्होंने लिखित परीक्षा में अर्हता हासिल की है तथा दक्षता परीक्षण में अर्हक अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा ।

**पद संख्या ।।। के लिए ( तकनीशियन/बी (वातानुकूलन) एवं पद कोड IV (तकनीशियन/बी (मिस्त्री)**
स्क्रीन किए गए अभ्यर्थियों को ट्रेड टेस्ट के बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा ।

## वेतनमान एवं कुल परिलब्धियां (वर्तमान दरों पर )

| पद कोड | पे बैंड | पे बैंड में प्रारंभिक वेतन | ग्रेड पे | सभी भत्तों सहित कुल परिलब्धियां (अनुमानित) |
|---|---|---|---|---|
| **I** | ₹ 15600-39100 + ग्रेड पे ₹ 5400/- + प्रेक्टिसबंदी भत्ता पीबी-3 | ₹ 15,600/- | ₹ 5,400/- | ₹ 62,000/-* |
| **II** | ₹ 5200-20200 + ग्रेड पे ₹ 2400/- पीबी -1 | ₹ 7,510/- | ₹ 2,400/- | ₹ 24,000/-* |
| **III & IV** | ₹ 5200-20200 + ग्रेड पे ₹ 2000/- पीबी -1 | ₹ 6,460/- | ₹ 2,000/- | ₹ 20,000/-* |

*श्रेणी "वाई" सिटी के लिये कुल परिलब्धियां लागू हैं (भत्ते केन्द्र सरकार के नियमानुसार यथादेय हैं )

**<u>अतिरिक्त वित्तीय लाभ :-</u>**

नियमों के अंतर्गत यथा देय सामान्य वेतन और भत्तों के अतिरिक्त अर्थात मकान किराया भत्ता, परिवतन भत्ता आदि के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा विभाग के कर्मचारी विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के तहत आकर्षक वित्तीय लाभ पाने के हकदार हैं। ये लाभ विभाग की विशेष वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी स्थिति को ध्यान में रखकर दिए जाते हैं और सरकार द्वारा इसकी समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

**1) आवेदकों की सूचना हेतु सामान्य शर्ते :**

**श्रेणी । के लिये आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि**

**1.1** पद कोड -। के लिए - आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को आयु सीमा अपिव अभ्यर्थी के लिए 18 से 38 के बीच वर्ष हो ।

**1.2** पद कोड - ।। - आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को आयु सीमा सामान्य अभ्यर्थी के लिए 18 से 27 वर्ष के बीच तथा अपिव अभ्यर्थी के लिए 18 से 30 वर्ष ।

**1.3** आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को पद कोड -।।। एवं **IV** के लिए आयु सीमा 18 से 30 वर्ष के बीच होना चाहिए । (इसमें अजजा अभ्यर्थी के लिए आयु छूट भी शामिल है )

**<u>उपरोक्त के अलावा, आयु में निम्नलिखित छूट भी लागू है :</u>**

**क)** 1984 के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के बच्चों/परिवार के सदस्यों को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी । इस आशय का सबूत प्रस्तुत करना होगा कि 1984 के दंगों में वे प्रभावित हुए थे ।

ख) भूतपूर्व सैनिक : वास्तविक आयु से सञ्चस्त्र सेना सेवा की सेवा-अवधि घटाने के बाद परिणामिक उम्र, संबंधित सेवा पद के लिए निर्धारित अधिकतम ऊपरी आयु सीमा से ज्यादा नहीं होना चाहिए जिसके लिए वे तीन वर्ष से अधिक नियुक्ति चाहते हैं ।

ग) सरकारी कर्मचारी : केन्द्र सरकार के आदेशों के अनुसार ।

घ) उन सभी व्यक्तियों को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी जो जम्मू कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में दिनांक 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर 1989 तक की अवधि के दौरान अधिवासी रहे हैं, परन्तु किसी भी परीक्षा में भाग लेने हेतु ऊपरी आयु सीमा में छूट संबंधित नियमों के अंतर्गत उचित अवसरों की अधिकतम संख्या के अनुसार दी जाएगी ।

**निवास संबंधी प्रमाण-पत्र :**

कोई भी व्यक्ति जो केन्द्रीय सिविल सेवा एवं सिविल पद (सीधी भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा) नियमावली, 1998 के तहत लागू आयु सीमा में छूट का लाभ लेना चाहते हैं, उन्हें निम्नलिखित अधिकारी का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा :-

i) जम्मू कश्मीर संभाग के जिला मजिस्ट्रेट से जिसके क्षेत्राधिकार में वे मूलरूप से या सामान्यत: रहते थे ; अथवा

ii) कोई अन्य प्राधिकारी जो जम्मू -कश्मीर सरकार की ओर से पदनामित किया गया हो उनको इस आशय का प्रमाण-पत्र देना होगा कि वे जम्मू -कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में दिनांक 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर 1989 की अवधि के दौरान मूलरूप से अधिवासी थे ।

**नोट :** केवल विद्यालय छोडने के प्रमाण-पत्र अथवा समकक्ष प्रमाण-पत्र में लिखित जन्मतिथि ही स्वीकार की जाएगी। बाद में जन्मतिथि में परिवर्तन की कोई भी प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाएगी ।

**2)** आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे विज्ञापन में लिखी सभी पात्रता की शर्तों को पूरा करते हैं। उम्मीदवार को अपने आवेदन -पत्र में प्रस्तुत सूचनाओं के आधार पर भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों में रखा जाएगा । भर्ती प्रक्रिया के अन्तिम चरण से पूर्व आवेदन पत्रों की केवल सरसरी तौर पर जाँच की जाएगी तथा भर्ती प्रक्रिया के अन्तिम चरण के समय उम्मीदवारों की पात्रता की विस्तृत जाँच

की जाएगी । अत: आवेदन की विस्तृत जाँच होने तथा आवेदक को सभी प्रकार से पात्र पाए जाने तक आवेदक की उम्मीदवारी अस्थायी रहेगी। यदि उम्मीदवार उक्त पद के लिए अयोग्य पाया जाता है, तो आरआरकेट को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी आवेदन को निरस्त करने का अधिकार होगा । उम्मीदवार की पात्रता के संबंध में आरआरकेट का निर्णय अंतिम होगा । केवल उम्मीदवार को बुलावा पत्र जारी करने तथा लिखित परीक्षा/साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए अनुमति देने मात्र से यह नहीं माना जाएगा कि उम्मीदवार की उम्मीदवारी अन्तिम रूप से स्वीकृत की गई है या आवेदक द्वारा आवेदन-पत्र में उल्लिखित जानकारियों को सत्य और सही मानकर स्वीकार कर लिया गया है ।

3) ट्रेड टेस्ट/कौशल परीक्षण/साक्षात्मकार के लिए बुलाए गए अजा/अजजा अभ्यर्थियों को नियमानुसार यात्रा भत्ता दिया जाएगा । हालाँकि, पहले से ही केन्द्र/राज्य सरकार सेवा, केन्द्र/राज्य सरकार निगम,सार्वजनिक उपक्रम,स्थानीय सरकारी संस्थान और पंचायतों में कार्यरत अजा/अजजा अभ्यर्थियों एवं रेलवे से उक्त प्रयोजनार्थ यात्रा हेतु छूट लेने वाले अथ्यर्थियों को यात्रा भत्ता देय नहीं होगा ।

4) इस विज्ञापन के तहत चयनित किये गये उम्मीदवारों को इंदौर में तैनात किये जाने की संभावना है, लेकिन वे भारत के किसी भी भाग में और परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संघटक इकाई में सेवा करने के लिए उत्तरदायी होंगे ।

5) उपरोक्त दर्शाई गई रिक्तियाँ अस्थाई हैं और इनमें परिवर्तन हो सकता है । विज्ञापन में दर्शाए गए रिक्त पद भी सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से भरे जाएंगे और यदि निर्णय लिया गया तो, पद न भी भरे जा सकते हैं।

6) उपरोक्त पदों के तहत नियुक्त किए जाने वाले व्यक्तियों को भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग की दिनांक 22.12.2003 की अधिसूचना सं एफ.सं.5/7/2003-ईसीबी एवं पीआर के तहत यथा अधिसूचित नई अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत शामिल किया जाएगा ।

7) केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को अपने आवेदन उचित माध्यम से प्रस्तुत करने चाहिए । हालांकि, वे अपने आवेदन की अग्रिम प्रति ऊपर वर्णित संलग्नकों के साथ नीचे दिए पते पर भेज सकते हैं ।

8) **आवेदन कैसे करें :**

8.1 आवेदन-पत्र यहां दिए गए प्रपत्र में प्रस्तुत करना चाहिए । अभ्यर्थी, जो ऑन-लाइन आवेदन करना चाहते हैं, कृपया वेबसाइट http://www.rrcat.gov.in देखें। ऑन लाइन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के एक सप्ताह पूर्व बंद हो जाएगी । अभ्यर्थी जो (ऑन-लाइन सॉफ्टवेयर का उपयोग करके) ऑन लाइन आवेदन कर रहे हैं, को आवेदन की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि दर्शाए गए पते पर संबंधित प्रमाणपत्रों की प्रतियों के साथ भेजना होगी। आवेदन की मूल प्रतिलिपि आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को अथवा इससे पूर्व पहुंच जाना चाहिए ।

8.2 आवेदन-पत्र ए-4 आकार के पेपर में टंकित होगा तो अच्छा रहेगा ।

8.3 मूल आवेदन पत्र के दाहिनी ओर ऊपर कार्नर पर एक हाल ही का पासपोर्ट आकार का स्वयं सत्यापित फोटोग्राफ चिपका होना चाहिए ।

8.4 आवेदन के ऊपरी लिफाफे पर निम्नलिखित लिखा होना चाहिए :

| आवेदन | पद कोड | पद | विज्ञापन सं. |
|---|---|---|---|
| | | | आरआरकेट-3/2014 |

8.5 एक पद के लिए केवल एक आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यदि अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन-पत्र प्रस्तुत किए जाने चाहिए ।

8.6 अभ्यर्थियों को उनके स्वयं के हित में यह सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन-पत्र स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निम्नलिखित पते पर भेजे ।

**सहायक कार्मिक अधिकारी (भर्ती)**
**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र**
**परमाणु ऊर्जा विभाग**
**डाकघर-केट, इंदौर - 452013 (म.प्र)**

## 9.0 प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियां

अभ्यर्थी को अपने आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की साक्ष्यांकित एक-एक प्रति संलग्न करनी चाहिए :-

क) शैक्षणिक योग्यताएं / अनुभव और तकनीकी / व्यावसायिक योग्यताओं (उपयुक्त अंकसूचियां जिनमें परीक्षा में लिए गए विषय दर्शाए गए हो) से संबंधित प्रमाणपत्र

ख) जन्म-तिथि प्रमाणपत्र (कक्षा 10 वीं अथवा 12 वीं की अंकसूची अथवा प्रमाणपत्र)

ग) भूतपूर्व सैनिक आदि से संबंधित होने का दावा ।

घ) किए गए कार्य को दर्शाने वाला अनुभव ।

ड़) उम्मीदवारों को केन्द्र सरकार में नौकरी हेतु लागू निर्धारित प्रपत्र में अपनी जाति का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए, जो हमारी वेबसाइट **http://www.rrcat.gov.in** पर इस विज्ञापन के साथ अपलोड है ।

**महत्वपूर्ण सूचना :**

1) ऐसे आवेदन.पत्र, जो विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं - अर्थात आवेदन पत्र, जो निर्धारित प्रपत्र में नहीं हैं, जिसके साथ पासपोर्ट आकार का स्वसत्यापित फोटो तथा प्रमाण-पत्रों की सत्यापित फोटोकॉपी संलग्न नहीं हैं, अस्वीकार किए जाने की संभावना है ।

2) विज्ञापन में नियत अनुभव की अवधि का निर्धारण आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम दिनांक से किया जाएगा ।

**'सरकार एक ऐसे कार्यदल बनाने का प्रयास कर रहीं हैं जो लिंग-समानता को प्रतिबिंबित करें और महिलाओं को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करें ।'**

**चयन न किए गए उम्मीदवारों के रिकार्ड चयनित सूची तैयार करने की तिथि से 6 माह बाद नहीं रखे जाएंगे ।**

**चेतावनी : किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा**

**********